# University in News on 08 August 2025

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

### नौ पाठ्यक्रमों के लिए सीट आवंटन आज

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 प्रवेश प्रक्रिया के तहत परास्नातक स्तर के नौ पाठ्यक्रमों का पहला सीट आवंटन शुक्रवार को जारी किया जाएगा। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि एमए अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, एमआईएच और एमएससी फॉरेंसिक साइंस, माइक्रोबायोलॉजी, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान व कंप्यूटर साइंस विषय का पहला सीट आवंटन मेरिट के अनुसार शुक्रवार को जारी होगा। इसका ऑनलाइन सीट कन्फर्मेशन शुल्क अभ्यर्थी 10 अगस्त की रात 12 बजे तक जमा कर सकेंगे। एमएससी फॉरेंसिक साइंस और एमए अर्थशास्त्र व एमआईएच विषय की कंप्लीट मेरिट सूची भी घोषित कर दी गई है। वहीं, एलएलएम और एमपीएड पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है और वह ऑनलाइन आवेदन में एलएलबी और बीपीएड के अंक नहीं भर सके हैं, ऐसे अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र संख्या का इस्तेमाल कर 10 अगस्त तक अंक भर सकेंगे। इसके लिए गूगल फॉर्म का लिंक जारी कर दिया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

### दो पाठ्यक्रमों की मेरिट सूची जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विवि में पस्नातक प्रवेश परीक्षा-2025 की काउंसिलिंग के क्रम में एमएससी फोरेंसिक के साथ एमए-इकोनॉमिक्स और एमए-मध्यकालीन व आधुनिक भारतीय इतिहास पाठ्यक्रम की सीटों के लिए प्रोविजनल मेरिट सूची बृहस्पतिवार को जारी कर दी गई है। प्रवेश समन्वयक प्रो. अनित्य गौरव ने बताया कि अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

### लविविः एंटी रैगिंग सप्ताह 12 अगस्त से

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशों के मुताबिक 12 अगस्त को एंटी रैगिंग दिवस और 12 से 18 अगस्त तक एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

### लविविः दीक्षांत समारोह के लिए बनीं 17 समितियां

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में 10 सितंबर को होने वाले 68वें दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कुलपति प्रो. मनुका खन्ना ने 17 समितियों का गठन किया है। इस संबंध में कुलसचिव की ओर से पत्र जारी किया गया है। कुलपति के निर्देश पर गठित होने वाली समितियों में आयोजन समिति, पांडाल समिति, मंच सज्जा समिति, पदक पुरस्कार एवं उपाधि समिति, परिधान समिति, मुद्रण समिति, सांस्कृतिकी समिति, स्वागत समिति, छात्र आमंत्रण समिति, वालंटियर समिति, अनुशासनात्मक समिति, परिसर साज सज्जा समिति, कार्यक्रम संचालन समिति, शोभायात्रा समिति, महाविद्यालय समन्वय समिति, स्वाअल्पाहार समिति और तकनीकी समिति शामिल हैं। (संवाद)

## JAGRAN CITY PAGE III

### 'शहरीकरण से बढ़ रहा है मानव-वन्यजीव टकराव'



लखनऊ विश्वविद्यालय में हुए व्याख्यान में बोलते राजस्थान के फील्ड डायरेक्टर संग्राम सिंह कटियार • जागरण

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में गुरुवार को राजस्थान वन विभाग के फील्ड डायरेक्टर संग्राम सिंह कटियार ने मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ते टकराव पर विशेष व्याख्यान दिया। कटियार, स्वयं लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र हैं।

छात्रों को अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने इसी विश्वविद्यालय से पढ़ाई कर भारतीय राजस्व सेवा (आइआरएस) तक का सफर तय किया और अब वन्यजीव संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कटियार ने अपने फील्ड अनुभवों के माध्यम से बताया कि आज की सबसे बड़ी चुनौती मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ता संघर्ष है।

उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे इंसान जंगलों में अतिक्रमण कर रहा है, जानवर शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। सड़क पर बाघ, तेंदुए, हाथी और भालू जैसे जानवरों के दिखने की घटनाएं बढ़ रही हैं, जो एक चेतावनी है कि इंसान और जानवरों के बीच एक 'अदृश्य जंग' छिड़ चुकी है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इंसान जानवरों के वास स्थानों पर घर, सड़कें और रिसार्ट बना रहा है, जिससे जंगल सिमट रहे हैं और जानवरों के पास भोजन और ठिकाने की कमी हो रही है। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने कटियार से कई सवाल पूछे और वन्यजीवों से जुड़े मुद्दों पर जानकारी प्राप्त की। यह व्याख्यान छात्रों के लिए प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक रहा।

## HINDUSTAN PAGE 8

### एलयू में एमएससी समेत नौ पाठ्यक्रमों का सीट आवंटन

**लखनऊ, संवाददाता।** लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक स्तर के नौ पाठ्यक्रमों का पहला सीट आवंटन शुक्रवार को जारी किया जाएगा। जिसे अभ्यर्थी अपने लॉगिन आईडी के जरिए देख सकते हैं।

प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनित्य गौरव का कहना है कि एमए अंग्रेजी, राजनीतिविज्ञान, अर्थशास्त्र, एमआईएच एमएससी फॉरेंसिक, माइक्रोबायो, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान व कंप्यूटर साइंस विषय का पहला सीट आवंटन शुक्रवार को जारी होगा। ऑनलाइन सीट कन्फर्मेशन शुल्क 10 अगस्त की रात 12 बजे तक जमा होगा।

#### एलएलबी इंटीग्रेटेड का दूसरा सीट आवंटन जारी

एलएलबी इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय पाठ्यक्रम का दूसरा सीट आवंटन और अपग्रेडेशन का परिणाम गुरुवार को जारी किया गया। जिसे अभ्यर्थी अपने लॉगिन आईडी के जरिए देख सकते हैं। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक प्रोफेसर अनित्य गौरव का कहना है कि ऑनलाइन सीट कन्फर्मेशन शुल्क अभ्यर्थी 10 अगस्त की रात 12 बजे तक जमा कर सकेंगे।

### एलयू में दीक्षांत के लिए 17 समितियां बनीं

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में 10 सितंबर को प्रस्तावित 68वें दीक्षांत समारोह के लिए 17 समितियों का गठन किया गया है। जिसमें संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को रखा गया है। इस संबंध में कुलपति के अनुमोदन के बाद कुलसचिव की ओर से आदेश जारी किया गया। कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा का कहना है कि अधिष्ठाता छात्र कल्याण की अध्यक्षता में 15 सदस्यीय आयोजन समिति का गठन किया गया है।

## NBT PAGE 6

### 12 अगस्त को मनाया जाएगा एंटी रैगिंग डे

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** यूजीसी ने उच्च शिक्षण संस्थानों में 12 अगस्त को एंटी-रैगिंग दिवस और 12-18 अगस्त तक एंटी-रैगिंग सप्ताह मनाने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। ऐसे में एलयू में भी एंटी रैगिंग डे और सप्ताह के दैरान अलग अलग गतिविधियां कराई जाएंगी। इस संबंध में कुलसचिव ने सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों समेत अधिष्ठाता छात्र कल्याण को दिशा निर्देश जारी किए हैं। इस दौरान नारा लेखन, निबंध लेखन, पोस्टर प्रतियोगिता, सोशल मीडिया अभियान, जागरूकता कार्यशालाएं और रैगिंग विरोधी उपायों को बढ़ावा देने के लिए इंटरैक्टिव सत्र होंगे। इस दौरान रैगिंग विरोधी फिल्मों का प्रदर्शन होगा।

## AMRIT VICHAR PAGE 4, 6

### 12 अगस्त से शुरू होगा एंटी रैगिंग वीक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- छात्र-छात्राओं को विभिन्न गतिविधियों से किया जाएगा जागरुक
- रैगिंग विरोधी लघु फिल्में व टेलीविज़न विज्ञापन भी दिखाए जाएंगे

**अमृत विचारः** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार लखनऊ विश्वविद्यालय में रैगिंग के विरुद्ध जागरूकता फैलाने हेतु 12 अगस्त को "एण्टी रैगिंग डे" और 12 से 18 अगस्त तक "एण्टी रैगिंग वीक" का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विविध रचनात्मक एवं जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। कार्यक्रमों में नारा लेखन, निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, लोगो डिज़ाइन, नुक्कड़ नाटक, फोटोग्राफी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता जैसे आयोजनों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को रैगिंग के दुष्प्रभावों के प्रति सजग किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं में विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया अभियान, कार्यशालाएँ, सेमिनार, इंटरएक्टिव सत्र, एवं सेल्फी कॉर्नर जैसे गतिविधियों के माध्यम से रैगिंग विरोधी संदेशों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। संस्थान प्रमुखों द्वारा वीडियो संदेश भी विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित किए जाएंगे। विश्वविद्यालय अपने विद्यार्थियों को "नेशनल कॉन्टेस्ट 2025" में भाग लेने हेतु भी प्रोत्साहित कर रहा है, जिसमें डिजिटल पोस्टर, रील्स एवं शॉर्ट वीडियो श्रेणियों में प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। प्रतियोगिता से संबंधित समस्त जानकारी एण्टी रैगिंग पोर्टल www.antiragging.in पर उपलब्ध है।

### दीक्षांतसमारोह को लेकर समितियों का हुआ गठन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 68वां दीक्षांत समारोह 10 सितंबर को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। समारोह के सफल संचालन हेतु कुलपति द्वारा विभिन्न समितियों के गठन को स्वीकृति प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने समारोह की व्यापक तैयारी के लिए कुल चार प्रमुख समितियाँ गठित की हैं। जिसमें आयोजन समिति का अध्यक्ष अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को बनाया गया है। समिति में विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, अधिष्ठाता (अकादमिक, शोध), कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, वित्त नियंत्रक, भूमि एवं उद्यान अधीक्षक, सांस्कृतिक निदेशक, द्वितीय परिसर के निदेशक, मदन मोहन मालवीय शिक्षण संस्थान के निदेशक, कुलानुशासक, विशेष कार्याधिकारी (प्रबन्ध विज्ञान संस्थान) और निर्माण विभाग के कार्य अधीक्षक को सदस्य बनाया गया है। पण्डाल समिति में प्रो. आर.के. सिंह (पूर्व डीन, विधि संकाय) की अध्यक्षता में किया गया है। इसमें प्रो. बी.डी. सिंह, प्रो. डी.के. सिंह, डॉ. आर.बी. सिंह, भूमि एवं उद्यान अधीक्षक, और निर्माण विभाग के सहायक अभियंता (सिविल एवं विद्युत) को शामिल किया गया है। मंच सज्जा समिति बनाई गई है जिसकी जिम्मेदारी प्रो. संगीता साहू (संकायाध्यक्ष, मैनेजमेंट स्टडीज) को सौंपी गई है। उनके साथ प्रो. मनोज शर्मा, प्रो. भुवनेश्वरी भारद्वाज और डा. निमिशा कपूर को समिति में रखा गया है। पदक, पुरस्कार एवं उपाधि समिति के लिए संयोजक डॉ. भावना मिश्रा (कुलसचिव) होंगी, जबकि समस्त संकायाध्यक्षों को समिति में शामिल किया गया है।

### बिजनेस में एआई पढ़ाएगा कॉमर्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ विश्वविद्यालय अपने छात्रों को वैश्विक स्तर पर तकनीक के साथ अद्यतन रखने के लिए पाठ्यक्रमों को आधुनिक कर रहा है। इसी सिलसिले में विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने अभिनव पहल करते हुए परास्नातक के पाठ्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को एकीकृत कर रहा है। विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग ने एक वर्षीय और दो वर्षीय, दोनों ही स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को शामिल किया है। उद्योगों में एआई के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए नया पाठ्यक्रम बिजनेस में एआई छात्रों को मुख्य वाणिज्य क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों की बुनियादी समझ और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

लेखा में एआई के अनुप्रयोग

लेखांकन और लेखा परीक्षा में एआई के अनुप्रयोग से लेकर डेटा प्रविष्टि, जर्नल प्रविष्टियों, खाता बही पोस्टिंग और वित्तीय विश्लेषण में इसकी भूमिका में छात्रों को पारंगत किया जाएगा। वित्त और कराधान मॉड्यूल में छात्रों को वित्तीय नियोजन और करगणना के लिए एआई संचालित उपकरणों से परिचित कराया जाएगा। आयकर और जीएसटी के सॉफ्टवेयर से लेकर मार्केटिंग सेक्शन में मशीन लर्निंग और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग जैसी प्रमुख तकनीकों का अध्ययन छात्र करेंगे।